प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

गृह विज्ञान महाविद्यालय में तीन–दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

पंतनगर। 30 मार्च 2022। विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के खाद्य एवं पोषण विभाग द्वारा तीन–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इंस्टीट्यूट आफ सोशल डेवलपमैन्ट, किच्छा उधमसिंह नगर की उत्तराखण्ड निवासी 30 अनुसूचित जाति की ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना था।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस डा. अल्का गोयल, अधिष्ठात्री; डा. अनुराधा दत्ता, विभागध्यक्ष, डा. सरिता श्रीवास्तव, प्राध्यापिका एवं डा. अर्चना कुशवाहा, प्राध्यापिका के प्रोत्साहन शब्दों से महिलाओं को संबोधित किया। इसके अतिरिक्त महिलाओं को पेन केक व पेस्ट्री बनाने की विधि का वर्णन किया गया। दूसरे दिन महिलाओं को केक आइसिंग डोनट ब्रेड एवं बन बनाने के लिए संपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन मफिन्स, बिस्किट व कुकीज बनाने की विधि के लिए प्रशिक्षित किया गया। साथ ही समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री अविनाश श्रीवास्तव, न्यायाधीश, जिला उधमसिंह नगर एवं सुश्री शुभांगी पाण्डे, टाटा मोटर द्वारा भी महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए स्वरोजगार के लिये उनका मार्गदर्शन किया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन में विभागाध्यक्ष डा. अनुराधा दत्ता, डा. सरिता श्रीवास्तव, डा. अर्चना कुशवाहा एवं सभी प्राध्यपिकाओं, छात्र–छात्राओं तथा अन्य कर्मियों का सहयोग रहा।

महिलाओं को केक बनाने का प्रशिक्षण देते अतिथिगण।